हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

12 सर्व धोबी समाज की बैठक में विभिन्न ...



12 शिविर में 3849 आवेदन मिले 3131 का मौके पर ...



## खबर संक्षेप

### मेला देखने गए युवक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** सलडीह मेला देखने गए एक युवक की बाइक चोरी के मामले में सांकरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को जगदीश सराफ पिता राजकुमार सराफ (35 साल) पड़कीपाली ने बताया कि 10 अप्रैल को वह ग्राम सलडीह मेला देखने अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जी 6204 से गया था और बाइक को मेला स्थल में खड़ा किया था। रात करीब 11 बजे वापस आकर देखा तो उक्त स्थल पर बाइक नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब बरामद एक आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से देशी शराब



का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति देशी शराब भट्ठी सितली नाला से अधिक मात्रा में शराब लेकर स्कूटी से भलेसर रोड की ओर जाने वाला है। इसके बाद पुलिस ने भलेसर आम बगीचा के पास पहुंचकर आरोपी दानेश्वर साहू पिता हेमलाल साहू (22 साल) निवासी वार्ड नं 26 कुम्हार पारा महासमुंद के कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2880 रुपए और एक एक्टिवा वाहन को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है।

### बिरकोनी में एक व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** बिरकोनी में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी द्वारिका निषाद 14 अप्रैल को गांव में शादी कार्यक्रम में जा रहे था। तभी उसके पड़ोसी केशव निषाद ने शराब पीने के लिए मना करते हो कहकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए पत्थर से मारपीट की और दाहिने हाथ के पंजे को दांत से काट लिया। मामले में आरोपी के धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# बैसाख में ही सूरज के जेठ जैसे तेवर, दोपहर में सड़कें हो रही सूनी


हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बैशाख का महीना आधा ही बीता हैं और जेठ की शुरुआत भी नहीं हुई है। पारा अभी से 40 डिग्री के पार होने के कारण शहर की सड़कों में भरी दुपहरी में धूप और भीषण गर्मी से कर्फ्यू जैसा माहौल नजर आने लगा है। रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही और दिन में लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी के चलते बाजार में रौनक कम हो गई है। लोग जरूरी काम से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक सड़कें लगभग सूनी नजर आती हैं। तेज धूप और लू के कारण लोग छांव और ठंडे स्थानों की तलाश में रहते हैं। बाजारों में ग्राहक नदारद हैं, दुकानदार भी सुस्त पड़े हैं। लोग अब सुबह जल्दी या शाम ढलने के बाद ही घर से बाहर निकल रहे हैं। बाहर ही नहीं, घरों के भीतर भी राहत नदारद है। उमस इतनी ज्यादा है कि कूलर और पंखे भी बेअसर साबित हो रहे हैं। रात के समय भी गर्मी कम नहीं हो रही, जिससे लोगों की नींद प्रभावित हो रही है।

## पारा 40 के पार, भीषण गर्मी के चलते दोपहरी में कर्फ्यू सा माहौल

### पर्याप्त प्याऊ की व्यवस्था नहीं

गर्मी के बीच जब लोगों को सबसे ज्यादा जरूरत ठंडे पानी की होती है, तब शहर में सार्वजनिक प्याऊ की कमी लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पर्याप्त प्याऊ नजर नहीं आ रहे। कुछ जगहों पर प्याऊ लगाए भी गए हैं, वहां या तो पानी की कमी है या देखरेख की।



### तालाबों व कुओं का जलस्तर भी घटा

लगातार बढ़ती गर्मी का असर अब जलस्रोतों पर साफ दिखाई देने लगा है। जिले के कई तालाबों और कुओं का जलस्तर तेजी से घट रहा है, जिससे आने वाले दिनों में जल संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना भी किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

**स्वास्थ्य पर असर** : मौसम विभाग की चेतावनी के बाद स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। डॉक्टरों का कहना है कि तापमान बढने के साथ लू लगने, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मामले बढ़ सकते हैं। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढने लगी है।

### दिन में कई बार बंद हो रही बिजली

तापमान बढने के साथ ही बिजली की खपत में 20-25 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। सिंचाई पंपों के लगातार संचालन और घरों में कूलिंग उपकरणों के उपयोग से लोड काफी बढ़ गया है। इसका असर बिजली आपूर्ति पर भी पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं, जिससे कूलर और पंखे भी ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर और लाइनों की निगरानी बढ़ा दी है और सप्लाई को सुचारु बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मांग: शिकायतें मिली तो कमेटी बनाई, 8 माह से शुरु ही नहीं हो पाई जांच

# बीईओ को हटाने शिक्षक संगठन हुए एकजुट, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सभी शिक्षक संघ ने एकजुट होकर

- अफसर के खिलाफ शिकायत मिली तो प्रशासन पर लगा बचाव करने का आरोप, शिक्षकों ने एकजुट होकर बीईओ के खिलाफ खोला मोर्चा



बीईओ को हटाने की मांग को लेकर हल्ला बोल आंदोनल कर घेराव किया। गुरुवार को जनपद कार्यालय में महासमुंद ब्लॉक के शिक्षक जुटे और एक स्वर में आंदोलन करते हुए 2 घंटे तक बीईओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षकों ने स्थानीय विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपकर उनके बीईओ की मनमानी से निजात दिलाने की मांग की।

आंदोलन के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने कहा कि महासमुंद ब्लॉक का हर शिक्षक विकासखंड शिक्षा अधिकारी की मनमानी से परेशान है। आए दिन शिक्षक संवर्ग विकासखंड शिक्षा अधिकारी की शिकायत उच्च अधिकारियों से करते आ रहे है। उक्त अधिकारी के खिलाफ 8 माह पहले एक जांच कमेटी भी बनाई गई। लेकिन, कमेटी द्वारा आज तक जांच शुरु नही की गई।

शिक्षकों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ लगातार गंभीर शिकायतें संघ को मिलती रही है। संघ इस अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करता आ रहा है। इस बार महासमुंद का हर शिक्षक संगठन सर्व शिक्षक मंच बनाकर एक बैनर के नीचे आकर आंदोलन कर रहा है।

सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि बार बार निवेदन के बाद भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी का रवैया शिक्षकों के प्रति सुधरा नहीं है। परिणाम स्वरूप शिक्षकों का यह आक्रोश दिख रहा है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि शिक्षक अगर सड़क पर आकर मुखर होकर अपने ही अधिकारी की शिकायत कर रहे है, इसका सीधा अर्थ है पूरा मामला अत्यंत गंभीर है। शिक्षकों की मांग पर शासन को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने कहा कि यह तो आंदोलन की शुरुआत है।

अगर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को तत्काल नहीं हटाया गया, तब की स्थिति में सर्व शिक्षक मंच के साथ मिलकर उनका भी संगठन सड़क की लड़ाई लड़ेगा। विकासखंड अध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी की कार्यशैली से समस्त संघ नाराज और आक्रोशित है। इनके कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है और ये शिक्षकों की समस्याओं को नजरअंदाज करते हैं। घेराव को बाबूलाल ध्रुव, बीपी मेश्राम, सतीश तिवारी, कमलनारायण साहू ने भी संबोधित किया।

### यह भी रहे आंदोलन के दौरान मौजूद

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जगदीश सिन्हा, प्रदीप साहू, लक्ष्मीनाथ मंगेशकर, आत्माराम साहू, राजेश चंद्राकर, ईश्वरी साहू, लक्ष्मणदास मानिकपुरी, प्रदीप वर्मा, पवन साहू, अर्चना तिवारी, खेमिन साहू, विनय यादव, राहुल चौधरी, शंकर सिंह ठाकुर, वेद पटेल, राधेश्याम पटेल, देवेंद्र चंद्राकर, सविता साहू, कमलेश साहू, चेतन तांडेकर, मोहन लाल साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, यश चक्रधारी, मुनिया निर्मलकर, मीरा ठाकुर, नूतन दुबे, भारती सोनी, लीना पांडेय, कावेरी वैष्णव, कोमल साहू, जितेंद्र चंद्राकर, जितेंद्र साहू, ईश्वर साहू, कमलेश पटेल, जाहिद खान, पी श्रीधर राव, मुकेश बैस, राजू कंवर, मनोज साहू, आशीष साहू, गजेंद्र साहू, जीवन लाल साहू, लता रजक, देवेंद्र साहू, लक्ष्मीकांत, रविशंकर पटेल, मंजू वर्मा, मनोज सेन, टीकम साहू, लक्ष्मीनाथ सकरिया, चिंता राम अग्रवाल, रविशंकर पटेल, वेद पटेल, मंजू वर्मा सहित बड़ी संख्या शिक्षक संवर्ग की उपस्थित रहे।

### सीएम हाउस तक पदयात्रा निकालने की तैयारी

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि बीईओ के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिनमें संतान पालन अवकाश के नाम पर अवैध वसूली, ऑनलाइन आवेदनों की अनदेखी, स्टेशनरी वितरण में अनियमितता, चुनिंदा लोगों को ही अवकाश स्वीकृति, कार्यालय व्यय में गड़बड़ी, फर्जी बिल, नियम विरुद्ध यात्रा भत्ता और नियमों का उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो 27 अप्रैल से बीईओ कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। इसके बाद भी समाधान नहीं होने पर लोहिया चौक से मुख्यमंत्री निवास तक पदयात्रा सत्याग्रह निकाली जाएगी।

## शादी में आए दंपति नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

### पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं में पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद/बागबाहरा

शादी में आए दंपत्ति की नाबालिग बालिका छेड़खानी का शिकार हो गई।



मामला जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुनसुनिया का है। जहां किराना दुकान में पहुंची बालिका के साथ पास के ही युवक तारेश्वर ओगरे ने छेड़छाड़ की। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है था आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 9 व 10 के तहत कार्रवाई की गई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने पुलिस को बदाया कि मंगलवार देर शाम उसकी नाबालिग पुत्री पास के ही किराना दुकान में सामान लेने गई। सामान लेकर शाम करीब 07 बजे रोते हुए शादी घर में आई तब प्रार्थी की छोटी बहन धनेश्वरी नायक बालिका से जानकारी ली तो उसने बताया कि दुकान में सामान लेने के दौरान एक लड़का मेरे शरीर के पीछे भाग को बुरी नीयत (बेड टच) करने लगा। मना करने के बाद भी वह लड़का बेड टच करता रहा। प्रार्थी ने बताया कि आरोपी मोहल्ले का ही लड़का तानेश्वर ओगरे निवासी ग्राम सुनसुनिया है जिसने उक्त कृत्य किया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 74 बीएनएस, धारा 09,10 पाक्सो एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## किराना दुकान में संचालक पर कार्रवाई, अंग्रेजी शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम मेमरा के एक किराना दुकान से पिथौरा पुलिस ने अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मामले में दुकान संचालक के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम मेमरा दीपांशु कोसरिया के किराना दुकान पहुंचकर छापामार कार्रवाई की गई। जहां मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम दीपांशु कोसरिया पिता छबिलाल कोसरिया (20 वर्ष) सपोस थाना सांकरा का रहने वाला बताया। दीपांशु कोसरिया से शराब बिक्री करने के संबंध में पूछताछ करने पर अपने किराना दुकान में अंग्रेजी शराब बिक्री के लिए रखना बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मैक्डावल्ड नंबर1, आठ नग, गोल्डन गोवा 1 नग, रॉयल स्टेज 18 नग, व्हाइट ब्लू शराब 2 नग कुल कीमत 8000 रुपए व एक नग डीप फ्रीजर कीमत 40000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## एक जमीन, दो दावेदार : सरिफाबाद के भू-अभिलेखों में उलझा मालिकों का खेल

**पिथौरा (ग्रामीण)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सरिफाबाद, पटवारी हल्का नंबर 44 में हाल ही में हुए जमीन खरीदी-बिक्री का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। यहां एक ही जमीन पर अलग-अलग गांवों के दो-दो मालिक सामने आने से राजस्व अमले में हड़कंप मच गया है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत कर निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार, ग्राम सरिफाबाद स्थित भूमि के खसरा नंबर 312, 314, 316, 323, 327, 322/1, 320, 318, 328, 337/2 एवं 329/2, कुल रकबा लगभग 22.46 एकड़ भूमि, राजस्व अभिलेखों में ग्राम छोटेटेमरी तथा पड़ोसी जिला बलौदाबाजार के ग्राम सोनपुर निवासी किसानों के नाम पर दर्ज है। यानी एक ही जमीन के लिए अभिलेखों में दो-दो मालिक दर्ज होने की स्थिति बनी हुई है। ग्राम छोटेटेमरी के किसान मधु केंवट, अशोक यादव, तेजकुमार वैष्णव और नित्यानंद रावत का कहना है कि उक्त भूमि उनके पूर्वजों को शासन द्वारा प्रदान की गई थी। वर्ष 1990-91 में उन्हें भूमिस्वामी घोषित कर विधिवत पट्टा दिया गया था। किसानों के अनुसार, उन्होंने जनवरी 2026 में इस भूमि की बिक्री भी कर दी है। वहीं, पड़ोसी जिला बलौदाबाजार के ग्राम सोनपुर निवासी किसान भी उक्त भूमि पर अपना दावा पेश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विवादित भूमि महासमुंद जिले के पिथौरा तहसील अंतर्गत ग्राम सरिफाबाद में स्थित है, जबकि दूसरे पक्ष जिला बलौदाबाजार निवासी ग्राम सोनपुर के किसान इसे अपनी जमीन बता रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर तेजपाल सिंह जांच कर रहे हैं।

**भूमि स्वामी हक में दर्ज है जमीन** : इस संबंध में हल्का नंबर 44 पटवारी राजेंद्र डोंगरे का कहना है कि मेरे पास उपलब्ध सभी राजस्व अभिलेखों में यह जमीन भूमिस्वामी हक में दर्ज है। किसानों को वर्ष 1990-91 में भूमिस्वामी पट्टा प्रदान किया गया है।

**जांच कमेटी गठित** : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह का कहना है कि सरिफाबाद की जमीन को लेकर सोनपुर और छोटेटेमरी के किसानों की शिकायत प्राप्त हुई है। इसके लिए एक जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## देशी शराब की किल्लत से हड़कंप, अंग्रेजी शराब दुकानों में उमड़ी भीड़, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में इन दिनों देशी शराब की

- स्टाक खत्म होने से मजबूरी में महंगे रेट में खरीद रहे मंदिराप्रेमी

भारी किल्लत से हालात बिगड़ते नजर आ रहे हैं। शराब दुकानों में स्टॉक खत्म होने की स्थिति के कारण शराब प्रेमियों को मजबूरी में महंगे रेट में अंग्रेजी शराब खरीदनी पड़ रही है। इससे न सिर्फ उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, बल्कि शहर की अंग्रेजी शराब दुकानों में भीड़ का दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, कई देसी शराब दुकानों में पिछले कुछ दिनों से पर्याप्त मात्रा में शराब उपलब्ध नहीं है। जैसे ही उपभोक्ता देसी दुकान पहुंचते हैं, उन्हें "स्टॉक खत्म" का जवाब मिल रहा है। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग अंग्रेजी शराब दुकानों की ओर रुख कर रहे हैं, जहां कीमत अधिक होने के बावजूद खरीदारी करनी पड़ रही है।

शाम के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब अंग्रेजी शराब दुकानों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। कई जगहों पर भीड़ इतनी बढ़ जाती है कि अव्यवस्था का माहौल बन जाता है। इससे आसपास के क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित हो रहा है और स्थानीय लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि देसी शराब सस्ती होने के कारण उनकी पहली पसंद रहती है, लेकिन लगातार आपूर्ति बाधित होने से उन्हें मजबूरी में महंगी शराब खरीदनी पड़ रही है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि सप्लाई व्यवस्था में गड़बड़ी के कारण यह स्थिति बनी हुई है। इधर, स्थानीय नागरिकों और उपभोक्ताओं ने प्रशासन से जल्द से जल्द देसी शराब की नियमित आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो स्थिति और बिगड़ सकती है। वहीं, आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि सप्लाई में आई अस्थायी बाधा को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही देसी शराब दुकानों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे स्थिति सामान्य हो सके।

## नई शिक्षा नीति के तहत पोर्टल पर अपडेट अनिवार्य

# जिले में स्कूलों को देनी होगी तीसरी भाषा की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नई शिक्षा नीति के तहत अब जिले के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों को यह जानकारी देना अनिवार्य होगा कि विद्यार्थियों को कौन-सी तीसरी भाषा पढ़ाई जा रही है। इसके लिए निर्धारित शैक्षणिक पोर्टल पर संबंधित जानकारी अपडेट करनी होगी।

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सत्र 2026-27 से कक्षा 6वीं में तीसरी भाषा को अनिवार्य रूप से लागू किया जा रहा है। जिले के स्कूलों को इस व्यवस्था को तय समय सीमा के भीतर लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जिन स्कूलों में अभी तक तीसरी भाषा का चयन नहीं हुआ है, उन्हें जल्द ही विकल्प तय कर जानकारी अपलोड करनी होगी।

### 7 दिन के भीतर शुरू करनी होगी पढ़ाई

विभागीय अधिकारियों के अनुसार स्कूलों को तीसरी भाषा की पढ़ाई सात दिनों के भीतर शुरू करनी होगी। भले ही संबंधित विषय की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध न हों, फिर भी स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अध्ययन सामग्री के आधार पर शिक्षण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पोर्टल पर अपडेट की होगी निगरानी

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा स्कूलों की निगरानी की जाएगी। सभी संस्थानों को तीसरी भाषा से संबंधित जानकारी पोर्टल पर अपडेट करना अनिवार्य होगा। जो स्कूल समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं कराएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

### यह रहेगा भाषा चयन का विकल्प

स्कूलों को हिंदी और अंग्रेजी के अलावा तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत, उर्दू या अन्य भारतीय भाषाओं में से किसी एक का चयन करना होगा। विद्यार्थियों की रुचि और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर यह निर्णय लिया जाएगा।

### शिक्षा गुणवत्ता सुधार की दिशा में कदम

शिक्षा विभाग का मानना है कि इस पहल से विद्यार्थियों की भाषाई क्षमता में वृद्धि होगी और उन्हें विविध भाषाओं का ज्ञान मिलेगा। इससे न केवल शैक्षणिक स्तर बेहतर होगा, बल्कि सांस्कृतिक समझ भी विकसित होगी। इस नई व्यवस्था को लेकर जिले के स्कूलों में तैयारियां शुरू हो गई हैं और आने वाले दिनों में इसका प्रभाव शैक्षणिक व्यवस्था में देखने को मिलेगा।

## कृषि विभाग ने पॉस मशीन से अनियमित यूरिया वितरण करने वाले 10 कृषि केंद्रों का किया लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत सरकार उर्वरक मंत्रालय के निर्देशानुसार जिले में 16 मार्च से 29 मार्च 2026 तक पॉस मशीन से अनियमित रूप से यूरिया उर्वरक वितरण करने पर जिले के 10 कृषि सेवा केंद्रों के लाइसेंस 21 दिवस के लिए निलंबित कर दिया गया है।

उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि उक्त कृषि सेवा केंद्रों द्वारा उर्वरक वितरण में अनियमितता की गई थी। अनियमित उर्वरक वितरण करने वाले कृषि केंद्रों में अग्रवाल राइस इण्ड्रीज झलप, हलधर कृषि सेवा केंद्र सिरपुर, महालक्ष्मी कृषि सेवा केंद्र कोसरंगी, शिव कृषि केंद्र पासिद, मोनू कृषि सेवा केंद्र तुमगांव, सुखराम कृषि सेवा केंद्र अछरीडीह, प्रधान कृषि सेवा केंद्र सरायपाली, राजा बीज भंडार सांकरा, राज कृषि सेवा केंद्र भगतदेवरी और विवेक खाद भंडार भगतदेवरी का लाइसेंस 21 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। उप संचालक कृषि कश्यप ने कृषकों से अपील की है कि कृषकगण सहकारी समितियों से परमिट जारी कराकर उर्वरकों का उठाव कराना सुनिश्चित करें। क्योंकि, समितियों से उर्वरकों का उठाव कराने पर गोदाम खाली होगा, जिससे पुनः उर्वरक जिले को प्राप्त होगा। इसके अलावा सभी किसानों को पॉस मशीन के माध्यम से उर्वरकों का उठाव करने कहा गया है।

### मोबाइल से सट्टा का संचालन, एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** मोबाइल से सट्टा संचालित कर रहे एक युवक को पिथौरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 06 मंदिर चौक पिथौरा में एक युवक द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से सट्टा खिलाकर अवैध धन लाभ अर्जित किए जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त युवक से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम नमन गोयल पिता राजेश गोयल (29 साल) निवासी वार्ड नंबर 06 मंदिर चौक पिथौरा होना बताया। संदेही के मोबाइल की जांच करने पर उसमें ऑनलाइन सट्टा खेलना खिलाना तथा लोगों से ऑनलाइन सट्टा का पैसा प्राप्त करना बताया। वहीं आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 9800 रुपए मिले। आरोपी के खिलाफ धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# विशाल सम्मेलन में जुटे प्रदेशभर के पेंशनर्स

## मांगों व समस्याओं को लेकर कराया अवगत, वरिष्ठ सदस्यों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा स्थानीय शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में विशाल प्रांतीय पेंशनर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेशभर से आए पेंशनर एवं एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिले के पेंशनरों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान, भैयाराम चंद्राकर प्रांतीय महामंत्री, आरडी साहू अध्यक्ष महासमुंद, तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव शिवकुमार साहू, प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. वीणा साहू, रामचन्द्र मिश्रा, राधेलाल साहू रहे। सचिव शिवकुमार साहू ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों एलएन शर्मा, रतन लाल ध्रुव, बाबूलाल साव, उदयराम साहू का फूलमाला, गुलाल से स्वागत कर शाल व श्रीफल भेंटकर किया गया। सम्मेलन के लिए सर्वाधिक आर्थिक योगदान प्रदान करने वाले केके चंद्राकर, पुरषोत्तम शर्मा, चंद्रबदन मिश्रा, मोहर साय बरिहा, सुरेश क्षेत्रपाल, आईएम कुरैशी, आर साहू, डा. उदयराम साहू, आरके श्रीवास्तव, बोधनलाल साहू, चमन लाल ध्रुव, रोमन लाल ध्रुव आदि का अंगवस्त्र एवं फल भेंटकर किया गया। संगठन के नए सदस्यों का भी स्वागत श्रीफल भेंटकर की गई।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रांताध्यक्ष यशवंत देवान ने अनेक समस्याओं पर ध्यानाकर्षित कराते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हुए लगभग 26 वर्ष हो रहा है, किन्तु राज्य के पेंशनरों को एरियर्स महंगाई राहत राशि के भुगतान के लिए राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) के अंतर्गत मप्र से सहमति का लंबे समय तक इंतजार करना पडता है। जबकि, नियमित कर्मचारियों के लिए ऐसी बाध्यता नहीं है। इसी अधिनियम के तहत झारखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड में राज्य का निर्माण किया गया है, वहां ऐसी प्रथा नहीं है। फिर भी ऐसी भेदभाव की नीति क्यों अपनाई जा रही है। अतः पेशनर हित में धारा 49 (6) के अंतर्गत सहमति लेने की प्रक्रिया को तत्काल समाप्त कर देय तिथि से महंगाई राहत, स्वत्वों का भुगतान किया जाए। इसी प्रकार पेंशनरों को देय छठवें वेतनमान




अनुसार 32 माह एवं सातवें वेतनमान अंतर्गत 27 माह का एरियर्स भुगतान आज तक लंबित होने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए तत्काल भुगतान की मांग की। संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए प्रांताध्यक्ष ने आज के आयोजन को पेंशनर हित में महत्वपूर्ण बताया। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने पेंशनर एकता पर बल दिया। शासन से नियमित अधिकारी-कर्मचारियों की भांति पेंशनरों के लिए पेंशनर समूह बीमा योजना लागू करने की मांग की। संगठन के वरिष्ठ सदस्यों आरके श्रीवास्तव एवं एलएन शर्मा ने अपने संबोधन में लंबित एरियर्स राशि का भुगतान हाईकोर्ट के निर्देश उपरांत भी भुगतान नहीं होने तथा अतिरिक्त पेंशन एवं परिवार पेंशन की पात्रता का पुनरीक्षण कर वृद्धि करने की मांग की।

इसके पूर्व तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू ने अतिथियों के समक्ष मांग पत्र का पठन किया। जिसमें प्रमुख रूप से महासमुंद शहर में पेंशनर्स एसोसिएशन का कार्यालय एवं बैठक के लिए सामुदायिक पेंशनर भवन की मांग, छग राज्य के पेंशनरों को महगाई राहत भुगतान के लिए मप्र से सहमति की बाध्यता समाप्ति की मांग, शासन के विभिन्न विभागों में कार्यरत रहे दैनिक वेतन भोगी/कर्मचारियो की सेवा अवधि को पेंशन योग्य सेवा में गणना करने की मांग, पेंशनरों के 59 माह के एरियर्स भुगतान, पेशनरों के लिए केशलैस चिकित्सा सुविधा की मांग, राज्य के पेशनरों को 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 5 प्रतिशत 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 10 तथा 75 वर्ष पूर्ण होने पर 15 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन देने, परिवार पेंशन की राशि में वृद्धि करने, राज्य के पेंशनरों को रेलवे /बस यात्रा में 50 प्रतिशत छुट देने की मांग की गई। सामुदायिक पेंशनर भवन के निर्माण तक अस्थायी रूप से बैठक व्यवस्था के लिए शहर में भवन की मांग सम्मेलन के अतिविशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू से की। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने पेंशनरों को अपना पथ प्रदर्शक बताते हुए कहा कि इन मांगों को उचित माध्यम तक पहुंचाकर हल करने का प्रयास होगा। नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि पद पर रहे, चाहे न रहे लेकिन सभी के लिए सम्मान बना रहेगा। शहर के पेंशनरों की बैठक व्यवस्था के लिए नगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर शीघ्र ही समस्या निराकरण करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर एसोसिएशन कार्यकारी जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम शर्मा, अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव शिवकुमार साहू, उपाध्यक्षद्वय चंद्रबदन मिश्रा, गोवर्धन साहू कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आर साहू, सहसचिव राधेश्याम दुबे, संगठन मंत्री भूषण भोसले, नेहरू साहू, ज्ञानसिंह चंदेल, प्रमोद तिवारी, जगदीश ध्रुव, भरतलाल साहू, चोवाराम, सतानंद यादव, संतूराम, सुरेश, क्षेत्रपाल रमेश गुप्ता, केके चंद्राकर सरिता तिवरी, मधु शर्मा, नारायण साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन में पधारे प्रांतीय संरक्षक जीपी साहू पिथौरा, विनोद शंकर साहू, वरिष्ठ प्रांतीय अध्यक्ष पिथौरा, आरडी साहू, जिला-शाखा अध्यक्ष भैयाराम चंद्राकर प्रांतीय महामंत्री, ईश्वरी प्रसाद यादव प्रांतीय उपाध्यक्ष कसडोल, एसके प्रधान, प्रांतीय उपाध्यक्ष सरायपाली तीरथराम यादव, अध्यक्ष रायगढ़ रामचंद्र मिश्रा, प्रांतीय उपाध्यक्ष राधेश्याम चंद्राकर, प्रांतीय उपाध्यक्ष कुरूद, सुधीर सेंद्रे, निसार अहमद, वीणा साहू, विद्यादेवी साहू, भगवानी राम शांडिल्य, घनाराम साहू ने पेंशनर सम्मेलन को संबोधित किया। संचालन सरिता तिवारी ने किया। इस प्रांतीय सम्मेलन में तुलेश्वर गजेंद्र, ज्ञानसिंह चंदेल, सुजान यादव, सतानंद यादव, संतूराम साहू, तिलचंद यादव, शशिप्रभा थिटे, विष्णु प्रसाद साहू, उदेराम साहू, नंदकुमार चंद्राकर, संतोष साहू, पुरूषोत्तम चंद्राकर, बिपीन बिहारी महंती, शिव साहू, गौकरण सिंह ठाकुर, यू.एस. रामगढ़िया, पंथराम साहू, शिवनंदन भोसले, रिखीराम साहू, जगदीश लाल साहू, भागवत साहू, रेखराम साहू, यशोदा तिवारी, कालिंद्री चंद्राकर, यशोदा तिवारी, सुनीती दीवान, कुलेश्वरी चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, सुशील शर्मा, मुरलीधर पटेल, दूषण साहू, नारायण साहू आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बरबसपुर में आठ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिन शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम स्थल से शाम 4 बजे मुख्यमार्ग से गाजे-बाजे व भजन कीर्तन के साथ शोभायात्रा में भक्तगण नचाते झूमते रहे। घर आंगन में स्वागत द्वार बनाकर श्रीमद्भागवत महापुराण की पूजा अर्चना कर श्रीफल भेंट किया। कथावाचन करते हुए पंडित रूपनारायण शर्मा ने तुलसी वर्षा के बारे में भागवत का जीवन के महत्व बताया कि मनुष्य बड़े ही भाग्यशाली होते हैं, जो भगवान की भक्ति कर सकते है। 84 लाख योनि के बाद हो मानव जीवन प्राप्त होते हैं। इसी मानव जीवन में प्रभु की भक्ति सर्वोपरि हैं, जो मानव से भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति करती हैं। उन्होंने बताया कि भागवत महापुराण के प्रथम श्लोक में भगवान को समझना भगवान को समझने के बराबर है। जिसमें जन्म-जन्मांतर व युग-युगांतर में जब पुण्य का उदय होता है, तब ऐसा अनुष्ठान होता है। श्रीमद्भागवत कथा एक अमर कथा है। इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते हैं। वेदों का सार युगों-युगों से मानवजाति तक पहुंचाता रहा है। मंगलवार को हवन पूजा पूर्णाहुति के बाद दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर चंद्रिका यादव, राम यादव, विष्णु चंद्राकर, कमल चंद्राकर, संतोष सेन, हरीश यादव, संतोष विश्वकर्मा, चमरू निषाद, पूरन साहू, बल्ला साहू, लिखित यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा के लिए फ्री कोचिंग 4 मई से

**धमतरी।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 अप्रैल को पूर्ण हो चुकी है। भर्ती के तहत ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) 1 जून से 15 जून के बीच आयोजित होने की संभावना है। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती पुष्पा चौधरी ने बताया कि जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा विशेष निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 4 मई से 4 जून तक संचालित होगा।

# कमार परिवारों का शुरू हुआ डिजिटल सर्वे, 30 तक चलेगा विशेष अभियान

**महासमुंद।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से व्यापक डिजिटल सर्वे अभियान प्रारंभ किया गया है। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित इस अभियान के तहत प्रत्येक पीवीटीजी परिवार का शत-प्रतिशत ऑनलाइन दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करना है, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके।

जिले में कमार जनजाति की वर्तमान स्थिति का आकलन करने के लिए विभाग द्वारा लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत जिले में कुल 940 परिवारों और 3306 की जनसंख्या को कवर किया जाना है, जो 76 पीवीटीजी ग्रामों में निवासरत हैं। इस विशेष सर्वे अभियान को 30 अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा के भीतर सभी संबंधित टीमों को कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं एवं विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सर्वे कार्य को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने कहा गया है। जिले के तीनों पीवीटीजी विकासखंडों में जनपद सीईओ अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे दलों का मॉनिटरिंग कर रहे हैं, जिससे जमीनी स्तर पर कार्य में तेजी आई है। ग्राम स्तर पर गठित सर्वे दलों में पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, बीट गार्ड, मितानिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा छात्रावास अधीक्षकों को शामिल किया गया है, जो घर-घर पहुंचकर आवश्यक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। सर्वे कार्य की गुणवत्ता और सटीकता बनाए रखने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर पर विशेष प्रशिक्षण भी आयोजित किए गए हैं, जिसमें मास्टर ट्रेनर निलेश खांडे द्वारा सभी सदस्यों को ऑनलाइन ऐप के माध्यम से डेटा एंट्री की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। वर्तमान में वे जिला स्तर से लगातार मॉनिटरिंग करते हुए टीमों के साथ समन्वय बनाए रख रहे हैं और समय-समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर रहे हैं। डिजिटल सर्वे के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे कमार परिवार के पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता का सटीक आंकलन कर योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा। प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की गई है कि वे सर्वे दल को सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान कर इस अभियान में सक्रिय सहयोग करें, ताकि निर्धारित समय-सीमा 30 अप्रैल 2026 तक यह कार्य पूर्ण किया जा सके।

# कोसरंगी में नवीन समिति का शुभारंभ, सामाजिक एकता और विकास का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के ग्राम कोसरंगी में नवीन धान समिति का शुभारंभ बड़े ही उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही, जिसने आयोजन को यादगार बना दिया। उपस्थित जनसमूह ने एकजुट होकर समाज में भाईचारे, सहयोग और विकास की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों एवं वरिष्ठजनों ने समिति के गठन के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवीन समिति का उद्देश्य गांव में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना, आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना तथा विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं विकासात्मक गतिविधियों को गति देना है। साथ ही समिति युवाओं को सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन देने, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरुकता फैलाने और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करेगी।

वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में समाज को संगठित और सशक्त बनाए रखने के लिए इस प्रकार की समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि सभी सदस्य मिलकर निस्वार्थ भाव से कार्य करें, तो गांव के हर क्षेत्र शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया जा सकता है। इस अवसर पर श्याम साकरकर, अनीश दीवान, राजेश चंद्राकर, द्वारिका साहू, भोजराज साहू, सुरेश साहू, अनेश्वरी चंद्राकर, ईवन साहू, चंदन साहू, देवाराम साहू, मन्नू साहू, रामकुमार अग्रवाल, उपदेश साहू, पंकज चंद्राकर एवं ईश्वर दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों ने समिति के गठन का स्वागत करते हुए इसे समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर गांव के समग्र विकास, सामाजिक उत्थान और आपसी सहयोग को निरंतर बनाए रखने का संकल्प लिया। साथ ही समिति के माध्यम से भविष्य में विभिन्न जनहितकारी, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई, जिससे कोसरंगी गांव को एक आदर्श और विकसित ग्राम के रूप में स्थापित किया जा सके।

# छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के चुनाव में जगनीक पेनल को पांचवीं बार मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 का चुनाव हुआ। जगनीक यादव के नेतृत्व वाले प्रगति पेनल 5वीं बार प्रचंड बहुत से विजय प्राप्त किए। इसमें अध्यक्ष जगनीक यादव 6317, एम एल यादव 1243, प्रदीप यादव 437, उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव 5252, नरेंद्र यादव 1372, सोनाउ यादव 342, सचिव सुन्दरलाल यादव 6022, देवीचरण यादव-1239, दीलचंद यादव-657, कोषाध्यक्ष जीआर यादव 6408, रामेश्वर यादव 1574, संयुक्त सचिव मनोज यादव 6331, दयाराम यादव 1625, सदस्य आरडी यादव 5743, रंजीत यादव 5402, मुकेश यादव 1680, शिवचरण यादव 995 शामिल है। जगनीक यादव पांचवीं बार प्रदेश अध्यक्ष पद पर काबिज हुए हैं।



जिला का मतदान टाउन हाल महासमुंद में हुआ जिसमें महासमुंद जिला से 392 आजीवन सदस्यों ने मतदान किए। जिसमे जगनिक यादव को 322 मत मिला एवं प्रगति पेनल के सभी उम्मीदवार भगत यादव उपाध्यक्ष, सुन्दर यादव सचिव, जीआर कोषाध्यक्ष, मनोज यादव सहसचिव, डीआर यादव, रंजीत यादव सदस्य ने भरी मतो से विजय हासिल किए। इस अवसर पर राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ, प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष, नंदलाल यादव संरक्षक, आनंद यादव उपाध्यक्ष, मनोज यादव जिला महासमुंद, मनोहर यादव जिला कोषाध्यक्ष, परिक्षेत्र अध्यक्षगण सोहन लाल यादव महासमुंद, लीलाधर यादव भोरिंग, भेख राम यादव सुवरमार, चरण यादव खल्लारी, सोनऊ राम यादव पिथौरा, चेलक यादव बार, पति राम यादव सिरपुर, थानवर यादव सिरपुर, खीर राम यादव भुरकोनी, रामरतन यादव खम्हरिया, परस यादव पटेवा, खैमराज यादव जिला संचालक, धनेश यादव जिला सहसचिव, जनक यादव, डुमन लाल यादव, बेदराम यादव, पुष्कर यादव, फूलचंद यादव, मेघनाथ यादव, रुखमाल यादव, सतीश यादव, बसंत यादव, पुरुषोत्तम यादव सहित जिलाभर से आये आजीवन सदस्यों ने अपने मताधिकार का उपयोग किए। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को प्रदेश से नियुक्त जिला निर्वाचन अधिकारी, लुकेश यादव, राजकुमार यादव, भरत यादव, खिलावन यादव, मनोज यादव, देवराज यादव, राहुल यादव ने कराया। जगनिक यादव के लगातार पांचवी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने एवं महासमुंद सहित प्रदेश में जीत पटाखे फोड़ कर मिठाई बांटी गई।

# पूर्व मुख्यमंत्री के साथ अंकित ने जन्मदिन पर काटा केक



**महासमुंद।** हर साल की तरह इस बार भी अंकित ने अपने जन्मदिन पर पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय महासचिव व प्रभारी पंजाब भूपेश बघेल का आशीर्वाद लेते हुए केक काटा। इस दौरान बघेल ने उनके लिए शुभेच्छा जताई।

# 28 माह में ही हांफने लगी भाजपा सरकार की डबल इंजन : आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**सरकार बनते ही 100 दिन के भीतर 500 रुपए में गैस देने भाजपा ने किया था वादा, एलपीजी की पर्याप्त आपूर्ति के सरकारी दावों की निकली हवा**

छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व छग कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने कहा कि सरकार बनते ही 100 दिन के भीतर 500 रुपए में रसोई गैस प्रदान करने की बात कहने वालों के राज में आज जनता महंगाई व गैस की कील्लत जैसे संकटों का सामना कर रहे हैं। एक तरफ भाजपा की साय सरकार प्रदेश में पर्याप्त एलपीजी की उपलब्धता का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर पूरा प्रदेश रसोई गैस के लिए कतारबद्ध हैं। महासमुंद जिले सहित पूरे प्रदेश में गैस की भारी किल्लत शुरू हो गई है।



आलोक ने कहा कि लोगों के घर में गैस नहीं होने के कारण चूल्हे नहीं जल रहे और भाजपा कहती है अफवाहों पर ध्यान मत दे। अचानक से कमर्शियल गैस की सप्लाई अघोषित तौर पर रोक देने से घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग होगा, कालाबाजारी होगी और होटल व्यवसाइयों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। आलोक ने कहा कि प्रदेश की माताओं-बहनों ने भाजपा के वादे पर भरोसा कर चुनाव में बहुमत प्रदान किया था। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में घोषणा किया था कि उनकी सरकार बनेगी तो 100 दिन के भीतर 500 रुपए में रसोई गैस प्रदान किया जाएगा।

प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर तत्काल इस गंभीर समस्या को सज्ञान में ले और नागरिकों को गैस सिलेंडर की आपूर्ति बिना तकलीफ़ के हो ये सुनिश्चित करे नहीं तो लोगों को सड़कों में आने में समय नहीं लगेगा।

# संविधान निर्माता को भाजपा का नमन शहर में गूंजा बाबा साहब का जयघोष

**महासमुंद।** भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। शहर के वार्ड क्रमांक 7 नयापारा और तुमगांव चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर बाबा साहब के प्रति आस्था प्रकट की। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि बाबा साहब को माला पहनाना तभी सार्थक है, जब हम उनके शिक्षित बनो और संगठित रहो के मंत्र को अपने जीवन में उतारें। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि बाबा साहब ने केवल कानून की किताब नहीं लिखी, बल्कि हर वंचित के स्वाभिमान की गाथा लिखी है। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, एमआर विश्वनाथन, उत्तरा प्रहरे, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष पवन पटेल, महेंद्र जैन, जनक लाल (मुन्ना) साहू, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, प्रकाश शर्मा, कार्यक्रम संयोजक एवं पार्षद पीयूष साहू, सहसंयोजक एवं पार्षद चंद्रशेखर बेलदार, पार्षद सीता डांडेकर, पार्षद धनेश्वरी सोनवानी, पार्षद कल्पना सूर्यवंशी, पार्षद माखन पटेल, पार्षद प्रतिनिधि राजू चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि हफिज कुरैशी, पार्षद प्रतिनिधि धनीराम यादव, पार्षद प्रतिनिधि सोनाधर सोनवानी, जनपद सदस्य विजय लक्ष्मी जांगड़े, जनपद सदस्य निधि लोकेश चंद्राकर, भाजपा नेता हनीष बग्गा, देवेंद्र चंद्राकर, शरद मराठा, लक्ष्मी साहू, सुरेखा कंवर, भगवती करकसे, सुनीता साहू, पुष्पांजलि सिन्हा, उषा पाल, महेश चौहान, पंकज कसना, सुदर्शन कुमार, किशन बरिहा, महेंद्र सिक्का, शमशु खान आदि मौजूद रहे।

# संपूर्णता अभियान 2.0 में जिले ने पूर्ण किया शत-प्रतिशत संकेतांक

## आकांक्षी जिला के सभी 5 संकेतक और विकासखंड के भी सभी 6 संकेतक शत-प्रतिशत करने में सफलता मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी जिला एवं विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 जो कि 28 जनवरी से लेकर 14 अप्रैल तक चलाया गया। इस अभियान के तहत आकांक्षी जिला में 05 संकेतक और विकासखंड में 06 संकेतक शामिल थे। जिसे शत प्रतिशत हासिल कर लिया गया है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा महिला समूह, फ्रंट लाइन वर्कर्स एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने निरंतर इस अभियान में शामिल मानकों को शत प्रतिशत करने के लिए सराहनीय प्रयास किया। आकांक्षी जिला के अंतर्गत कुल 05 संकेतक शामिल थे जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जन्म के समय बच्चों का शत प्रतिशत वजन, टीबी केस की पहचान, वीएचएसएनडी का आयोजन, शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी स्कूलों में बालिका शौचालय, पशु पालन विभाग में पशुओं का शत प्रतिशत टीकाकरण शामिल थे। इसी तरह आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत 06 संकेतक शामिल थे। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आईसीडीएस के अंतर्गत पूरक पोषण आहार, सभी बच्चों का शत-प्रतिशत मापन, आंगनबाड़ी में शौचालय और पानी की शत प्रतिशत सुविधा, शिक्षा विभाग में सभी स्कूलों में बालिका शौचालय और पशुपालन विभाग में पशुओं को शत प्रतिशत टीकाकरण करना शामिल था। सभी संकतांकों को पूर्ण करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग और समीक्षा करते हुए विशेष योजना बनाई गई।

मार्च माह तक केवल एक संकेतक शत प्रतिशत होना शेष था, जो आईसीडीएस के अंतर्गत दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार का था, जिसे संतृप्त करने के लिए 7 दिवस तक शेष हितग्राहियों की पहचान कर घर-घर जाकर पूरक पोषण आहार दिया गया। जिसमें जिला महासमुंद के डीपीएम और विकासखंड पिथौरा के विकासखंड परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग की उल्लेखनीय भूमिका रही।

संपूर्णता अभियान में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और विकासखंड अधिकारियों ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई है। विकासखंड पिथौरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेश्वरी बर्मन के विशेष प्रयास से इस बार संपूर्णता अभियान 2.0 के सभी 06 संकेतक संतृप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। इस पूरे अभियान का सफल नेतृत्व नीति आयोग के आकांक्षी जिला/ विकासखंड के एबीएफ विकास दीप टंडन ने किया है। जिससे आकांक्षी जिला के सभी 05 संकेतक और विकासखंड के भी सभी 06 संकेतक शत प्रतिशत करने में सफलता प्राप्त की है।

# जिले में जल्द ही पूरा होगा कांग्रेस की बूथ व पंचायत कमेटियों के गठन का लक्ष्य : द्वारिकाधीश यादव

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में जल्द ही बूथ व पंचायत कमेटियों के गठन का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मार्गदर्शन एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत से खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लॉकों में बूथ व पंचायत कमेटियों का गठन शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष ब्लॉकों में यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष यादव ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के बागबाहरा शहर, बागबाहरा ग्रामीण, कोमाखान एवं पिथौरा ब्लॉक में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बूथ व पंचायत कमेटियों का गठन पूर्ण किया जा चुका है। बागबाहरा ग्रामीण में 104 बूथ एवं 60 पंचायत कमेटियों का गठन निर्धारित समय-सीमा में किया गया। इसी प्रकार कोमाखान ब्लॉक में 102 बूथ एवं 53 पंचायतों, बागबाहरा शहर में 18 बूथ तथा पिथौरा ब्लॉक में 63 बूथ एवं पंचायत कमेटियों का गठन पूरा कर लिया गया है। इसी क्रम में महासमुंद शहर में 55 बूथ एवं सांकरा में 109 बूथों पर शत-प्रतिशत कमेटियों का गठन किया जा चुका है। बसना विधानसभा क्षेत्र के पिथौरा ब्लॉक में भी 63 बूथ एवं पंचायत कमेटियों का गठन पूर्ण किया गया है। वहीं महासमुंद एवं सरायपाली ब्लॉक में शेष कमेटियों का गठन अंतिम चरण में है।

इस अवसर पर पिथौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण दीवान ने अपने जन्मदिन पर अपने ब्लॉक की बूथ एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों की सूची जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव को सौंपी, जिसे संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया गया। यादव ने कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही कांग्रेस की वास्तविक ताकत है और यही आगामी चुनावों में सफलता की आधारशिला साबित होगा। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय एवं समर्पित टीम का गठन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि महासमुंद जिले में शीघ्र ही बूथ एवं पंचायत कमेटियों के गठन का लक्ष्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह : 14 से 20 अप्रैल तक होंगे कार्यक्रम

# जागरुकता रैली में अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की दी गई जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जिले में विभिन्न जन-जागरुकता कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है।

जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस 14 अप्रैल को जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना दिनेश कुमार रावटे के मार्गदर्शन में नगर सेना कार्यालय से ग्राम बेमचा तक जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में अग्निशमन जन-जागरुकता से संबंधित बैनर एवं पांपलेट के माध्यम से आमजन को अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस रैली में 20

- अग्निशमन दल द्वारा फायर लाइव डेमोंस्ट्रेशन का किया गया आयोजन

महिला नगर सैनिक एवं 40 पुरुष नगर सैनिक सहित कुल 60 जवान शामिल हुए। अग्निशमन सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस पर केंद्रीय विद्यालय में अग्निशमन दल द्वारा फायर लाइव डेमोंस्ट्रेशन (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। इस दौरान आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों एवं सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसी तरह अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 17 अप्रैल को महर्षि विद्या मंदिर में लाइव डेमो, 18 अप्रैल को सोहम हॉस्पिटल में लाईव डेमोनेशन, 19 अप्रैल को नगर सेना कार्यालय में आग पर काबू पाए जाने संबंधी कार्य एवं अंतिम दिवस 20 अप्रैल को अग्निशमन सप्ताह में किए गए कार्यों की समीक्षा एवं समापन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### झलप में मनाई गई डॉ. अंबेडकर की जयंती

**झलप।** ग्राम पंचायत झलप में भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें दीप प्रज्वलित कर छायाचित्र में माल्यार्पण कर उनके विचार को आमजनों तक पहुंचाया। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री, सरपंच ग्राम झलप राकेश साहू, उपसरपंच किशन कोसरिया, पंच चेतन रौतिया, पंच जितेंद्र मार्कंडेय, अतुल गुप्ता, हेमंत साहू, मो समीर, तेजराम चौलिक, पूरण यादव, ईश्वर अवड़े, परस यादव, सतीश यादव, रामरतन सागर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव हेमेंद्र नाथ योगी, कोटवार सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बाल विवाह, रोकने व पानी बचाने, स्वच्छता रखने की सभी ने शपथ ली। इसके उपरांत ग्राम सभा का भी आयोजन हुआ।



### किशनपुर सहकारी समिति का हुआ शुभारंभ, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

**पिथौरा (ग्रामीण)।** ग्राम किशनपुर में नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित का वर्चुअल उद्घाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की बड़ी उपस्थिति रही। इस अवसर पर कृष्णकुमार डड़सेना, रामकृष्ण मने, मनोज ठाकुर, नरेश सोना, नरेश महंती, सरिता साहू, ब्रजेश प्रधान, रितेश प्रधान, मोहित निषाद, योगेश कुमार साहू, लालबिहारी प्रधान मौजूद रहे।

# गौ सेवा के प्रति भाजपा सरकार में दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- गौठानों को बंद कर गौ माता को सड़क पर बैठने भाजपा ने किया विवश

गौवंश के नाम पर राजनीति करने वालों भाजपाईयों के राज में गौ माता सड़क पर आ चुकी है। आए दिन दुर्घटनाओं में गौ वंशीय पशुओं की मौत, राहगीरों के हताहत होने की खबरें आम हो गई है। सरकार के गौधाम योजना का अता-पता नहीं है। भाजपा की साय सरकार ने कांग्रेस सरकार में संचालित 10 हजार से अधिक गौठानों को दुर्भावनापूर्वक बंद कर लाखों गौ वंशीय पशुओं को सड़क पर बैठने विवश कर दिया। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश में भाजपा सरकार के गौधाम योजना के क्रियान्वयन पर सवाल उठाते हुए व्यक्त किए। विनोद ने कहा कि 2023 तक प्रदेश में 10,800 गौठान संचालित थे, जिनमें गोवंश की देखरेख होती थी। भाजपा सरकार ने उन गौठानों को दुर्भावनापूर्वक बंद कर दिया। जिससे लाखों गौवंशीय पशु सुरक्षित आश्रय से वंचित हो गए। जिसका परिणाम सड़कों पर मवेशियों के जमघट से आए दिन दुर्घटनाओं में गौवंशीय पशुओं की मौत, हादसे में राहगीरों के घायल होने व अकाल मृत्यु जैसी हृदय विदारक घटनाएं सामने आती रही। गौठान योजना से ना केवल पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिला था, अपितु ग्रामीणों के लिए भी रोजगार के अवसर खुले थे। महिलाएं गोबर खाद बनाकर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही थीं। जिससे वे परिवार



चलाने में सशक्त भूमिका निभा रही थीं। पशु पालक गोबर बेचकर आत्मनिर्भर बन रहे थे। भूपेश सरकार के कार्यकाल में अनेक पशु पालक ऐसे हैं जिन्होंने लाखों रुपए गोबर बेचकर कमाएं। उक्त राशि को पशुधन खरीदी तथा किसानी में लगाते थे, किसानों को कर्ज लेने की झंझट से मुक्ति मिली थी। ऐसे महत्वपूर्ण, जनकल्याणकारी योजना को बंद करने से भाजपा की पूरे प्रदेश में फजीहत हुई थी। भारी जनाक्रोश भी पनपा। जिससे घबराकर साय सरकार ने गौठान योजना का नाम बदलकर गौधाम योजना शुरू करने की योजना बनाई। लेकिन, गौ सेवा के प्रति दृढ़ इच्छाशक्ति की कमी के कारण इस योजना का अब तक अता पता नहीं है।

# देश की आधी आबादी को अनदेखी करना सरकार का तानाशाही रवैय्या : आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आगामी डिजिटल जनगणना (16 अप्रैल से 30 अप्रैल) और 1 मई से 30 मई भौतिक सत्यापन के लिए प्रथम चरण में निर्धारित 33 बिंदुओं में ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कॉलम नहीं होने पर ओबीसी वर्ग की उपेक्षा किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी द्वारा 13 अप्रैल 2026 को अनुविभागीय अधिकारी बसना की अनुपस्थिति में उनके स्टेनो के माध्यम से प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, संयुक्त सचिव संजय यादव, जिला उपाध्यक्ष गोपाल वैष्णव, यूथ विंग जिलाध्यक्ष खिरोद पटेल एवं पार्षद इरफान इल्लू द्वारा महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त भारत सरकार एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी के नेता भूपेंद्र चंद्राकर ने कहा है कि सरकार ओबीसी वर्ग के लिए दोहरा मापदंड अपना रही है। मंडल आयोग (1980) के अनुसार देश में ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत बताई गयी थी और सर्वेक्षण (आईसीई 360, 2021) के अनुसार भारत की अनुमानित 141 करोड़ की आबादी में, लगभग 44-48 प्रतिशत आबादी यानी की 62-68 करोड़ लोग ओबीसी समूह से आते हैं। आम आदमी पार्टी ने महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त भारत सरकार और केंद्र सरकार से मांग की है कि सरकार को ओबीसी के लिए अलग से कॉलम देना चाहिए और यदि जनगणना में ओबीसी वर्ग के लिए अलग से कॉलम नहीं दिया जाता है तो आम आदमी पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ में इसके लिए जल्द ही बड़ा आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में आम आदमी पार्टी के शकील खान, भुनेश्वर साहू, हेमसागर प्रधान, माधव सोना, एमडी सागर, जयप्रकाश मिश्रा, मीना यादव, कल्पना यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।





### नवनिर्मित राधाकृष्ण मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा, पांच दिन तक उमड़ा अपार जन सैलाब

**सरायपाली।** प्रेम और भक्ति का संगम राधाकृष्ण के रूप में नवनिर्मित राधाकृष्ण मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अद्भुत वास्तुकला, दिव्य प्रतिमाएं, मकराना पत्थर से निर्मित राधाकृष्ण की प्रतिमा की स्थापना की गई। ग्रामवासियों के सहयोग से बने इस मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए कुलपुरोहित खिरोद्र कर, विद्याधर दास, यज्ञाचार्य पं.त्रिलोचन कर एवं उनके सहयोगी जोगेंद्र दास, अजय दास, सुभाष मिश्रा, ब्रह्मप्रकाश कर ने विधि-विधान से पंचांग, पूजन, मंडप प्रवेश सहित अनेक अधिवास कराया तथा शिखर कलश स्थापन कर ध्वजा पताका फहराया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि पांच वर्षों की इंतजार के बाद राधा-रानी की कृपा से यह ऐतिहासिक अवसर आया है। यह मंदिर न केवल पूजा स्थल है बल्कि प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का केंद्र बनेगा। इस अवसर पर समूचा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर हो गया। मंदिर को मूर्त रूप देने वालों में मुख्य रूप से सत्यम साहू के साथ सभी कारीगरों, काष्ठकारों एवं चित्रकारों का सम्मान किया गया।



### श्याम बालाजी कॉलेज में हुआ सीसीए कार्यक्रम

**महासमुंद।** श्याम बाला जी महाविद्यालय में पाठ्य सहगामी क्रियाओं (सीसीए) के अंतर्गत एक भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की थीम साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विविधता पर आधारित थी, जिसमें सावित्री बाई फुले एवं रामायण की आकर्षक झांकियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्य अतिथि प्राथमिक शाला की प्राचार्य कामिनी चंद्राकर, कला बाई स्कूल की प्राचार्य चंद्रिका चंद्राकर, महाविद्यालय के प्रबंधक हेमन्त चंद्राकर एवं सचिव तारा चंद्राकर रहे। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-अध्यापकों द्वारा रामायण का सुंदर मंचन प्रस्तुत किया गया। वहीं बीएड चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा नरसिंह अवतार का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में चार थीम गाली, साउथ, मराठी एवं पंजाबी पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसमें छात्र-अध्यापकों एवं अध्यापिका द्वारा विभिन्न रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए गए, जो अत्यंत मनमोहक रहे। उद्बोधन के दौरान मुख्य अतिथि कामिनी चंद्राकर एवं चंद्रिका चंद्राकर ने अपने प्रेरणादायक विचार एवं आशीर्वचन प्रदान किए। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर ने भी अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य डॉ. संजय साहू, डॉ उमा चौधरी, निर्मल कुमार बंजारे, टोपराम कुर्रे, शीतल साहू एवं डिंपल साहू आदि मौजूद रहे।

# जनपद सभापति ने किया कायतपाली में नवीन सोसायटी का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ, क्षेत्र के किसानों को मिली बड़ी सौगात

**बसना।** ग्राम कायतपाली में किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवीन कृषि साख सहकारी समिति का गठन किया गया, जिसका उद्घाटन समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से वर्चुअल माध्यम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल गढ़फुलझार के अध्यक्ष नरहरि पोर्ते, भाजयुमो जिला महामंत्री कामेश बंजारा, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेश साहू, आकाश सिन्हा, कायतपाली सरपंच प्रतिनिधि परदेसी यादव, उपसरपंच मोहर लाल डड़सेना, पलसापाली (अ) सरपंच प्रतिनिधि वीरू यादव एवं देवरी पंचायत के सरपंच सुरेश कोसरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात मुख्यमंत्री के वर्चुअल संबोधन के



उपरांत जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा फीता काटकर तथा फल फोड़कर विधिवत रूप से नवीन समिति का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष एवं किसान बंधुओं ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि कायतपाली में नई सहकारी समिति का गठन किसानों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगा। अब उन्हें खाद, बीज एवं कृषि ऋण जैसी आवश्यक सेवाएं अपने ही क्षेत्र में सहज रूप से उपलब्ध होंगी, जिससे उनकी मेहनत को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह नई सोसायटी किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर अंकोरी सोसायटी अध्यक्ष मुरलीधर नायक, चिमरकेल सोसायटी अध्यक्ष भोजकुमार साव, पूर्व सरपंच रविंद्र डड़सेना, विधायक कार्यालय प्रभारी महेंद्र प्रधान, हीराधर साव, समिति प्रबंधक छेदुराम निषाद, सामिल प्रधान सहित पूर्णचंद डड़सेना, दिग्विजय डड़सेना, दुर्गा चरण डड़सेना, विजय नागेश, बसंत दीप, प्रकाशचंद्र साव, युधिष्ठिर डड़सेना, जग्गू लाल नागेश, गुरवीर सिंह, जगदीप सिदार, दुतिया सिदार, अखिलेश साहू, वीरेंद्र प्रधान, सुरेंद्र साहू समेत क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित रहे।

# चौकबेड़ा में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शरीक हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम चौकबेड़ा में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती पर एक भव्य एवं वैचारिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जहां उपस्थित जनसमूह ने उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. चोपड़ा ने अपने संबोधन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कठिन जीवन संघर्ष और उनकी अदम्य इच्छाशक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे बाबा साहेब ने समाज के सबसे निचले पायदान से निकलकर, तमाम सामाजिक विसंगतियों और अपमान का सामना करते हुए अपनी शिक्षा पूरी की और विश्व स्तर पर एक महान विद्वान के रूप में अपनी पहचान बनाई। डॉ.चोपड़ा ने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष केवल



व्यक्तिगत नहीं था, बल्कि वह देश के करोड़ों शोषितों को सम्मान दिलाने की एक लंबी लड़ाई थी। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बाबा साहेब के उस संदेश को याद किया। जिसमें उन्होंने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का नारा दिया था। इसके साथ ही डॉ. चोपड़ा ने बाबा साहेब की दूरदर्शिता और उनके ऐतिहासिक निर्णयों की चर्चा करते हुए कहा कि भारत में ही रहने और यहाँ के समाज को दिशा देने का उनका निर्णय राष्ट्रहित में अत्यंत सटीक था। उन्होंने इतिहास का संदर्भ देते हुए बताया कि जहां बाबा साहेब ने भारत की मिट्टी को चुना, वहीं जोगेंद्र नाथ मंडल जैसे नेताओं ने उस समय पाकिस्तान जाने का एक गलत निर्णय लिया था, जिसका परिणाम उन्हें भारी पछतावे के रूप में भुगतना पड़ा और अंततः उन्हें वापस भारत लौटना पड़ा। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं से आह्वान किया कि बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया है, वह न केवल अधिकारों की रक्षा करता है बल्कि हमें समानता और बंधुत्व के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देता है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम संबंधित पत्र के लिए विधायक ने जताया मुख्यमंत्री का आभार



**महासमुंद।** संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर 16–18 अप्रैल को महत्वपूर्ण चर्चा प्रस्तावित है, जो नीति-निर्माण में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इसी परिपेक्ष्य में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सांसद, विधायकों को पत्र लिखकर इस अधिनियम के बारे में जानकारी साझा किया एवं इस अधिनियम को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने कहा है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि संसद के विशेष सत्र एवं उसमें प्रस्तावित नारी शक्ति वंदन विधेयक पर जो विचार साझा किए हैं, वे न केवल प्रेरणादायक हैं, बल्कि देश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक दृढ़ संकल्प का प्रतीक भी है। यह विधेयक देश की मातृ शक्तियों को सशक्त प्रतिनिधित्व प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मातृशक्ति के सम्मान में यह केंद्र सरकार की दूरगामी पहल है। लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए मातृ शक्तियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

# हाईस्कूल खैरझिटी में सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल प्रांगण खैरझिटी में सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर शामिल हुईं। इस दौरान इस दौरान शासकीय हाईस्कूल खैरझिटी में पदस्थ व्याख्याता भुनेश्वर प्रसाद दीवान तथा शिक्षक गजानंद ध्रुव व शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय



अमावस में पदस्थ प्रधान पाठक इब्राहिम अशरफी को सम्मान विदाई दी गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सृष्टि चंद्राकर ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है। भावी पीढ़ी को जीवन पथ पर आगे बढ़ने तथा समाज में सम्मान जनक स्थान प्राप्त करने का ज्ञान गुरुजनों से ही मिलता है। अनुशासन व नैतिक मूल्यों की शिक्षा स्कूल से ही मिलती है। आज सेवानिवृत्त हो रहे हमारे वरिष्ठ शिक्षक भले ही ऑफिशियली रिटायर हो रहे हैं, लेकिन समाज को उनका मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहे यही निवेदन करती हूं। सृष्टि ने तीनों शिक्षकों का पुष्पगुच्छ व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने शिक्षकीय जीवन के अनुभव साझा करते हुए बच्चों को सदैव सदमार्ग पर चलकर बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़ने का आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में स्कूल के अन्य शिक्षकगण, बच्चे व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



